सं: 1:05:138:I:सीएस
दिनांक: 31.01.2020

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: **सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं), विनियम 2015 के अनुसरण में बोर्ड बैठक की सूचना**

महोदय/ महोदया,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी) के निदेशक मंडल दिनांक 12 फरवरी 2020 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य मुद्दों के साथ 31 दिसंबर 2019 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन एवं समेकित) पर विचार करेंगे।

इस संबंध में, (जैसा कि आपको दिनांक 1 जनवरी 2020 के पत्र द्वारा सूचित किया गया) इनसाइडर द्वारा ट्रेडिंग को विनियमित एवं रिपोर्ट करने हेतु एवं निष्पक्ष प्रकटन के लिए पीएफसी की आचार संहिता, 2015 के अनुसार कंपनी की प्रतिभूतियों के लेन-देन के लिए ट्रेडिंग विंडो दिनांक 1 अप्रैल 2020 को बंद कर दी गई और दिनांक 31 दिसंबर 2019 को समाप्त अवधि एवं तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा के अड़तालीस (48) घंटों तक बंद रहेगी।

'संहिता' में यथापरिभाषित सभी निर्दिष्ट कार्मिक (जिनमें पीएफसी लिमिटेड के सहायक कंपनियों के कार्मिक भी शामिल हैं) और अन्य जुड़े हुए व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान पीएफसी के इक्विटी शेयरों और सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों सहित कंपनी की प्रतिभूतियों में व्यापार न करें।

सूचनार्थ एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com